गुरुदेव तुम्हारे चरणों में
gurudeva tumhāre caraṇoṁ meṁ

यह प्रेम सदा भरपूर रहे
गुरुदेव तुम्हारे चरणों में
गुरुदेव तुम्हारे चरणों में
यह अरज मेरी मंजूर रहे
भगवान तुम्हारे चरणों में
भगवान तुम्हारे चरणों में

yaha prema sadā bharapūra rahe
gurudeva tumhāre caraṇoṁ meṁ
gurudeva tumhāre caraṇoṁ meṁ
yaha araja merī maṁjūra rahe
bhagavāna tumhāre caraṇoṁ meṁ
bhagavāna tumhāre caraṇoṁ meṁ

जीवन की मैंने सौंप दी है
अब डोर तुम्हारे हाथों में
उद्धार पतन अब मेरा है
भगवान तुम्हारे चरणों में

jīvana kī maiṁne sauṁpa dī hai
aba ḍora tumhāre hāthoṁ meṁ
uddhāra patana aba merā hai
bhagavāna tumhāre caraṇoṁ meṁ

आँखों में सदा ये ध्यान रहे
और मन चरणों में लगा रहे
यह हर समय की अरजी है
भगवान तुम्हारे चरणों में

āṁkhoṁ meṁ sadā ye dhyāna rahe
aura mana caraṇoṁ meṁ lagā rahe
yaha hara samaya kī arajī hai
bhagavāna tumhāre caraṇoṁ meṁ

यह बारबार मैं कहता हूँ
आगे प्रभु आपकी मरजी है
यह भाव सभी भक्तन के हैं
भगवान तुम्हारे चरणों में

yaha bārabāra maiṁ kahatā hūṁ
āge prabhu āpakī marajī hai
yaha bhāva sabhī bhaktana ke haiṁ
bhagavāna tumhāre caraṇoṁ meṁ